उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Service Selection Commission

पत्रांक सं० 765 दिनांक / Date 20/09/2017

प्रेस नोट

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा वर्ष 2015 से विभिन्न पदों के लिए भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किये गये थे। अभी तक इसमें से कई पदों पर परीक्षाएं नहीं करायी जा सकी है। परीक्षाओं के बड़े बैकलॉग को देखते हुए अभ्यर्थियों से विभिन्न समान अर्हताओ वाले पदों को Club करने तथा वर्ष 2008 की समूह 'ग' की भर्ती प्रक्रिया नियमावली के अनुरूप प्रत्येक परीक्षा में 100 अंकों की 1 परीक्षा कराये जाने के संबंध में सुझाव प्राप्त किये गये थे। आयोग को इस प्रस्ताव पर लगभग 400 अभ्यर्थियों के सुझाव प्राप्त हुए जो लगभग सभी सुझाव आयोग के प्रस्ताव के पक्ष में थे।

इस प्रक्रिया के उपरांत आयोग द्वारा पूर्व में जारी किये गये 9 विज्ञापनों में निहित लगभग 94 प्रकार के पदों के लिए मूल विज्ञापन में दी गयी परीक्षा व्यवस्था का पुनरावलोकन किया गया। मूल विज्ञापनों में विभिन्न पदों के लिए या तो दो परीक्षाएं निर्धारित की गयी थी या तकनीकी पदों के लिए सामान्य अथवा सामान्य पदों के लिए तकनीकी परीक्षा निर्धारित की गयी थी। अतः इन विज्ञापनों को उत्तराखण्ड समूह 'ग' के पदों पर भर्ती प्रक्रिया नियमावली, 2008 के अनुरूप संशोधित किये जाने के संबंध में शासन का मार्गदर्शन मांगा गया। दिनांक 31/7/2017 के शासनादेश के द्वारा आयोग को यह मार्गदर्शन प्राप्त हुआ कि सभी परीक्षाएं उपरोक्त नियमावली 2008 के अनुरूप की जाएं तथा सामान्य/लिपिक वर्गीय पदों पर (जिन पदों के लिए शैक्षिक योग्यता किसी भी विषय में हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट या स्नातक है) के लिए सामान्य ज्ञान, सामान्य हिंदी व सामान्य अध्ययन का 100 अंको का प्रश्नपत्र कराया जायेगा तथा तकनीकी पदों के लिए (जिन पदों के लिए अनिवार्य शैक्षिक अर्हता, विशिष्ट विषय अर्थात बी०एस०सी०, बी०कॉम, बी०एस०सी० ए०जी० या अन्य तकनीकी डिप्लोमा है) 100 अंको की संबंधित पद की न्यूनतम अर्हता से संबंधित विषय की परीक्षा कराई जायेगी।

तद्नुसार उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कुल ~~18~~ 20 पदों के लिए मूल विज्ञापन में निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम को संशोधित किया गया है। यह संशोधन आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर उपलब्ध है। इनमें से कुछ पदों के लिए परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित किये जा चुके है एवं उनका संक्षिप्त पाठ्यक्रम भी आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर प्रकाशित कर दिया गया है। आयोग का यह प्रयास होगा कि अन्य पदों के लिए भी पाठ्यक्रम यथाशीघ्र आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाए।

सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे संशोधित अधिसूचना को अवश्य देख ले व उसके अनुरूप अपनी परीक्षा की तैयारियां करें।

20/9/17

(संतोष बड़ोनी)
सचिव।